किया जा रहा है। प्रदेश में आगनबाड़ी साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं। उन्होंने अधिकारी शहर प्रथम, श्री ओम प्रकाश के द्वारा प्रतिभा

सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज एलुमनाई वेलफेयर एसोसिएशन का प्रथम अधिवेशन संपन्न

उजाला शिखर संवाददाता

प्रयागराज । दिनांक 26 जुलाई 2023 को सी0एम0पी0 डिग्री कॉलेज एलुमनाई वेलफेयर एसोसिएशन के प्रथम अधिवेशन में इस एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित प्रोफेसर के के भुटानी जी ने कहा कि सी एम पी डिग्री कॉलेज की ही बदौलत मैंने पूरे विश्व में नाम कमाया, सी0एम0पी0 ने ही मेरा जीवन बदला। आपने इस डिग्री कॉलेज में छात्र के रूप में बिताये समय को याद किया और भावुक होते हुए कहा कि आज यहाँ इस रूप में उपस्थित होकर मुझे जिस आनंद और प्रसनन्ता की अनुभूति हो रही है, ऐसी अनुभूति मुझे पूरे विश्व के विभिन्न देशों में जाकर कभी नहीं मिली। इसका कारण यह है कि यह कॉलेज हमारी मातृ संस्था है और मातृप्रेम हमारी रगों व संस्कारों में बसता है। सी एम पी डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ आनंद श्रीवास्तव जी इस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। आपने इस एसोसिएशन के पंजीकृत होने पर प्रसनन्ता व्यक्त किया और कहा कि संस्थाओं को बनाना आसान होता है लेकिन उनकी देख-रेख करना, सिंचित और संचालित करना बहुत मुश्किल होता है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अजय प्रकाश खरे

जी ने इस नवगठित एसोसिएशन को पंजीकृत होने पर प्रसनन्ता प्रकट करते हुए इसकी सफलता हेतु शुभकामनायें दिया और कहा कि अब गूगल फॉर्म के माध्यम से पूरे विश्व में रह रहे अपने पूर्व छात्रों को इस एसोसिएशन से जोड़ने की मुहिम चलाया जाये। प्राचार्य जी ने प्रोफेसर के के भुटानी जी और डॉ आनंद श्रीवास्तव जी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप लोग इस कॉलेज के एलुमनाई है, इसका हमें गर्व है। आपने इस एसोसिएशन का पंजीकरण कराने हेतु डॉ राजेंद्र श्रीवास्तव और डॉ विशाल श्रीवास्तव के विशेष प्रयासों की प्रशंसा किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के असिस्टेंट सेक्रेटरी श्री तुषार श्रीवास्तव, एग्जीक्यूटिव मेंबर्स श्री आशुतोष श्रीवास्तव, श्री रमेश कुमार भारती, श्री रतनेश कुमार दीक्षित, डॉ तान्या राय, डॉ रश्मि गुप्ता तथा डॉ हेमलता पंत आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में डॉ आर बी एल श्रीवास्तव जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।